रोहतक
बुधवार, 2 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 29, अंक : 61
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.4
न्यून. 10.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,024.51 | 1390.41 ▼ |
| निफ्टी | 23,165.70 | 353.65 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी/मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 94,150 /- | 2000/- ▲ |
| चांदी | 1,02,500/- | 500/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 85.49 | --- |
| क्रूड ऑयल 74.86/ बैरल | | 0.12% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# वक्फ संशोधन बिल आज लोकसभा में पेश होगा, आठ घंटे तक होगी चर्चा, भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी ने व्हिप जारी किया

अखिलेश बोले-हम इसका कड़ा विरोध करेंगे
यूपी के सीएम योगी बोले बदलाव समय की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। राजग को बहस में बोलने के लिए 4 घंटे 40 मिनट का समय मिला है, जबकि बाकी समय विपक्ष के नेता बोलेंगे। इस दौरान सदन में हंगामा होने के आसार हैं, क्योंकि विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सदन की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में इस विधेयक पर 8 घंटे की चर्चा के लिए सहमति बनी जिसे सदन की भावना के अनुरूप और बढ़ाया जा सकता है। बैठक में विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी तकरार के प्रारंभिक संकेत तब दिखाई दिए जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सदस्यों ने बैठक से वॉकआउट किया और सरकार पर उनकी आवाज दबाने का आरोप लगाया। हालांकि गतिरोध से कोई खास फर्क नहीं पड़ता दिख रहा क्योंकि लोकसभा में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में संख्याबल है। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर सदन में मौजूद रहने को कहा है।

**हंगामा तय**

- विधेयक पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्री रिजिजू देंगे जवाब
- बिल को पास करवाने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे
- लोस में पास होते ही रास में किया जा सकता है पेश

## लोकसभा में मंजूरी मिलने के बाद विधेयक को उच्च सदन में लाया जा सकता है, वहां भी संख्याबल भाजपा नीत राजग के पक्ष में है।

### हमारी आवाज नहीं सुनी जा रही : कांग्रेस

लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि उनकी आवाज को सुना नहीं जा रहा। विपक्षी दल चर्चा के लिए और अधिक समय आवंटित करने की मांग कर रहे थे और चाहते थे कि सदन में मणिपुर की स्थिति और मतदाता पहचान पत्र से जुड़े विवाद जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो।



### बहाना बनाकर चर्चा से भागता विपक्ष

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने यह भी कहा कि सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम इसके लिए समय बढ़ाने के लिए भी तैयार हैं। लेकिन अगर वह (विपक्ष) कोई बहाना बनाकर चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते हैं। तो मैं इसे रोक नहीं सकता हूं। हम चर्चा चाहते हैं। प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है। आज पूरा देश यह सुनना चाहता है कि वक्फ संशोधन बिल पर किस दल की क्या राय और रुख है? उन्होंने कहा कि यह बात हजारों वर्षों तक संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज रहेगी कि किसने संशोधन विधेयक का विरोध किया और किसने समर्थन।

**तेदेपा, जदयू समर्थन में** | तेदेपा, जदयू और चिराग पासवान नीत लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे भाजपा के बड़े सहयोगी दलों ने शुरू में विधेयक के कुछ पहलुओं पर आपत्ति जताई, लेकिन संसद की संयुक्त समिति द्वारा उनके कुछ सुझावों को अपनाए जाने के बाद वे विधेयक का समर्थन करेंगे।

## शेयर बाजार में तबाही


### सेंसेक्स 1390 और निफ्टी 354 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** शेयर बाजार में नए वित्त वर्ष के पहले दिन बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,390 अंक का गोता लगा गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा निजी बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक यानी 1.80 प्रतिशत लुढ़क कर 76,024.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 28 नुकसान में रहे। केवल दो में लाभ रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,165.70 अंक पर बंद हुआ।दोनों मानक सूचकांकों में यह एक महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

■ एक माह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट

**ये रहे कारण**

- ■ ट्रंप की रेसिपाकल टैरिफ लगाने की घोषणा
- ■ कच्चे तेल के दामों में भारी उछाल
- ■ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत
- ■ विदेशी निवेशकों ने फिर शुरू की बिकवाली
- ■ हालिया तेजी के बाद मुनाफा वसूली




## आईपीएल में आज



रॉयल चेलेंजर्स V/S गुजरात टाइटनंस
-: समय :- 7.30 PM
-: स्थान :- बेंगलुरु

## दुबई के शेयर मार्केट में निवेश का झांसा

# रेवाड़ी में पैसे दोगुणा करने के नाम पर तीन करोड़ ठगे

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** दुबई के शेयर मार्केट में रुपये निवेश कर दो साल में दोगुणा मुनाफा कमाने का लालच देकर 12 लोगों ने 5 निवेशकों से करीब 3 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपितों के खिलाफ यूपी और राजस्थान से लेकर पानीपत तक के पुलिस थानों में पहले भी धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। एसपी के आदेश पर आरोपितों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसपी को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के धनोंदा निवासी लालचंद ने बताया कि उसकी टांकड़ी निवासी वेदप्रकाश और उसके चार साथियों से वर्ष 2020 में जान पहचान हुई थी। इन लोगों ने उसके बताया कि दुबई शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने पर धन दो साल में दोगुणा हो जाता है, उनके झांसे में आकर उसने उनके बताए गए बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कर दी। कुछ रकम नकद भी दे दी। इस तरह करीब इन लोगों को 3 करोड़ रुपये दे दिए।

### पैसे मांगे तो दी धमकी

लालचंद ने बताया कि इनके खातों में 90,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक की राशि दी गई। एक आरोपित ने तो उनकी रकम से फॉर्च्यूनर गाड़ी तक खरीदी थी। जब निवेशकों ने पैसा वापस मांगा गया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। लालचंद आरोपितों को दिए गए पैसों की डिटेल भी एसपी को पेश की, जिसके आधार पर एसपी ने मॉडल टाउन थाने को केस दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद आर्थिक अपराध शाखा को जांच सौंप दी।

### पहले भी कई केस दर्ज

लालचंद ने दावा किया कि वेदप्रकाश, निकिता, हर्ष कुमारी ओमवती निवासी सेक्टर-4, रणधीर, जयसिंह, पूनम, निवासी टांकड़ी, सतीश, जीतू, विवेक निवासी धारण सहित एक दर्जन लोगों ने उसके व उसके चार साथियों के साथ धोखाधड़ी की है। आरोपितों पर यूपी, राजस्थान और पानीपत पुलिस थानों में भी केस दर्ज हैं। यह लोग एक कंपनी बनाकर लोगों को गुमराह करते हुए करोड़ों रुपये की रकम हड़प चुके हैं।

**कर्ज लेकर जमा कराया पैसा :** आरोपितों ने दुबई में कंपनी रजिस्टर कराई है। बड़ी संख्या में लोगों गुमराह कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का शिकार बनाया। कम समय में धन दोगुणा होने के लालच में लोगों ने कर्ज लेकर पैसा दिया। रकम डूबने से अब संकट हो रहा।

## बनासकांठा में बॉयलर फटने से भीषण हादसा

# गुजरात में पटाखों के गोदाम में आग, 21 लोग जिंदा जले

- दो दिन पहले ही मजदूरी करने पहुंचे थे एमपी के लोग
- विस्फोट से मजदूरों के अंग 50 मीटर तक बिखरे
- फायर ब्रिगेड ने आग पर 5 से 6 घंटे में काबू पाया

**पालनपुर (भाषा/एजेंसी)।** गुजरात के बनासकांठा में मंगलवार को एक पटाखा गोदाम में बॉयलर फटने से आग लगने के कारण इमारत के कुछ हिस्से ढहने से 21 लोगों की मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य लोग घायल हो गए। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर डीसा कस्बे के पास स्थित गोदाम में हुई। पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया, इस घटना में 20 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इमारत का स्लैब ढह गया। मृतक मध्य प्रदेश के मजदूर और उनके परिवार के सदस्य थे तथा उनमें से अधिकतर की मौत स्लैब गिरने से हुई। मकवाना ने बताया कि यह इकाई पटाखों के भंडारण के लिए थी और अभी तक इस बात का कोई सुराग नहीं मिला है कि वहां पटाखे बनाए जा रहे थे। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि यह एक फैक्टरी है।



### सभी मध्यप्रदेश के रहने वाले थे

हादसे के शिकार सभी मृतक और घायल मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा जिले के हंडिया गांव के रहने वाले हैं। फैक्ट्री से मिली जानकारी के मुताबिक सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।

### 3 लोग 40 प्रतिशत से अधिक जल गए

डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है।

### पटाखे बेचने का लाइसेंस था, बनाने का नहीं

दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### सीएम ने किया मदद का ऐलान

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना पर दुःख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। पटेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, डीसा में एक पटाखा गोदाम में आग लगने और स्लैब गिरने से श्रमिकों की मौत की घटना दिल दहला देने वाली है। दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिजनों के साथ में मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## नए शिखर पर सोना

### 94150 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचे दाम

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्टॉकिस्ट और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में 2,000 रुपये की तेजी आई और यह 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह सोने में दो माह में एक दिन का सबसे बड़ा उछाल है। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी की कीमतों में तीन दिन की तेजी का सिलसिला टूट गया और मंगलवार को यह 500 रुपये घटकर 1,02,500 रुपये प्रति किलो रह गई।

■ सोने में दो माह में एक दिन का सबसे बड़ा उछाल

## बना नया रिकॉर्ड

### जीएसटी संग्रह मार्च में 1.96 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सकल जीएसटी संग्रह मार्च में 9.9% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। घरेलू लेनदेन से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 8.8% बढ़कर 1.49 लाख करोड़ हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56% बढ़कर 46,919 करोड़ रहा। सकल संग्रह में 38,145 करोड़ का केंद्रीय जीएसटी संग्रह, 49,891 करोड़ का राज्य 95,853 करोड़ का आईजीएसटी शामिल है।

■ दस फीसदी बढ़ा अब तक दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा

## खबर संक्षेप

### फरवरी में 97 लाख व्हाट्सएप खाते बंद

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप ने कहा कि उसने फरवरी 2025 के दौरान भारत में 97 लाख से अधिक खातों पर रोक लगाई। उसने बताया कि इनमें से 14 लाख खातों को किसी भी उपयोगकर्ता के शिकायत करने से पहले ही सक्रिय रूप से बंद कर दिया गया। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने मासिक सुरक्षा रिपोर्ट में यह जानकारी दी। भाषा

### पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक

**अहमदाबाद।** कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक है। पूजन के दौरान वह 90 प्रतिशत झुलस गईं। डॉक्टर ने कहा- ब्रेन हेमरेज भी हुआ। फिलहाल उन्हें अहमदाबाद एक निजी अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। हॉस्पिटल के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. गिरीश अमलानी ने स्थिति गंभीर बताते हुए कहा कि व्यास 90% झुलसी है।

### सेवानिवृत्त कर्नल से 3.4 करोड़ रुपये की ठगी

**चंडीगढ़।** साइबर जालसाजों ने सेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी से 3.4 करोड़ रुपये की ठगी की है। अधिकारियों ने बताया कि जालसाजों ने खुद को ईडी कर्मचारी बताकर अधिकारी और उनकी पत्नी पर धन शोधन का आरोप लगाया। ठगों ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के तहत दावा किया कि वे 5,038 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच कर रहे थे। भाषा

### झारखंड में दो मालगाड़ियां टकराईं, 2 पायलट की मौत

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में दो मालगड़ियों की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोको पायलट की मौत हो गई है। वहीं सीआईएसएफ के 4 जवान घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक गुड्स ट्रेन पटरी पर खड़ी थी। इसी बीच उसी ट्रैक पर दूसरी गुड्स ट्रेन आ गई। इस वजह से दोनों ट्रेनों की सीधी टक्कर हो गई। भाषा

## 9 दिन में तीसरी मुठभेड़

# कठुआ में एक आतंकी मार गिराया, 2 की तलाश जारी

**श्रीनगर(भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया, जबकि दो की की तलाश की जा रही है। सेना के राइजिंग स्टार कॉर्प्स ने मंगलवार को बताया कि 31 मार्च की रात इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिसके बाद सेना ने राजबाग के रुई, जुथाना, घाटी और सान्याल के जंगली इलाकों के साथ-साथ बिलावर के कुछ हिस्सों में सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया। इस क्षेत्र में 9 दिन में यह तीसरी मुठभेड़ है। पंजतीर्थी में आतंकियों की तरफ से फायरिंग के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया। सुरक्षाबलों ने रातभर इलाके की घेराबंदी की, ताकि जंगल में छिपे 3 आतंकी भाग न सकें।

**कश्मीर पुलिस, बीएसएफ एनसीजी और सीआरपीएफ के जवान जुटे**

*घर से भाग उसके होटल में रुका कपल, परिजनों ने हंगामा किया तो फायरिंग*

# गुरुग्राम में होटल मालिक ने 3 लोगों को गोलियां मारी

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में होटल मालिक राजकुमार (50) ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से लोगों पर फायरिंग कर दी। उसके होटल में घर से भागकर आए लड़का और लड़की रुके हुए थे। दोनों के परिजन उन्हें ढूंढ़ते हुए वहां पहुंच गए और फिर हंगामा करने लगे। इस बीच जब लड़की के परिजनों ने होटल के अंदर जाने की कोशिश की तो होटल मालिक ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 लोग घायल हो गए, जिसमें एक लड़की का भाई और 2 अन्य शामिल हैं। जो हंगामा होता देख वहां रुके थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित होटल मालिक को पकड़ने के साथ उसका वेपन भी बरामद कर लिया। वह रिटायर्ड फौजी है। ये घटना घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है।

उधर, पुलिस की जांच में सामने आया कि लड़का और लड़की एक ही समुदाय के हैं। लड़की नाबालिग है और 11वीं क्लास में पढ़ती है। दोनों के बीच काफी समय से अफेयर है। लड़की पक्ष की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई थी।

### एक घायल गुरुग्राम रेफर

3 युवकों वसीम, सौरभ और संदीप को गोलियां लगी हैं। तीनों को पटौदी के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से वसीम को गुरुग्राम रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिसके बाद राजकुमार को पकड़ लिया। वह फायरिंग के बाद भागा नहीं था। वह गांव बप्पास (गुरुग्राम) का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस होटल में ठहरे लड़का और लड़की के साथ उनके परिजनों को पटौदी थाने ले गई। यहां पूछताछ के बाद दोनों को घर भेज दिया।

## दिल्ली दंगा मामले में कार्रवाई

# दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा पर दर्ज होगा केस

**नई दिल्ली (भाषा)।** यहां की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ 2020 में हुए दंगों में उनकी भूमिका की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। दिल्ली के कानून मंत्री मिश्रा के लिए अदालत का यह आदेश एक झटका है। दरअसल, दिल्ली में 24 फरवरी 2020 को शुरू हुआ दंगा 25 फरवरी को जाकर रुका था। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुए इस दंगे में 53 लोगों की जान चली गई थी और 250 लोग घायल हो गए थे। जाफराबाद, सीलमपुर, भजनपुरा, ज्योति नगर, करावल नगर, खजूरी खास, गोकुलपुरी, दयालपुर और न्यू उस्मानपुर में दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया था।



**आईबी की टीम ने रामपुरा पुलिस को सौंपा, केस दर्ज**

# रेवाड़ी में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आईबी की टीम ने मंगलवार को जाडरा के एक ईंट भट्टे पर काम कर रहे 3 बांग्लादेशी परिवारों के 18 लोगों को पकड़कर रामपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीम को सूचना मिली थी कि जाडरा के प्रजापति ईंट भट्टे पर कई बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। आईबी की टीम ने भट्टे पर जांच की। वहां 3 परिवारों के 18 सदस्य पाए गए। उनसे नागरिकता से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो बांग्लादेशियों ने दस्तावेज होने से इनकार कर दिया। इसके बाद सभी सदस्यों को रामपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए बांग्लादेशियों में 5 पुरुष, 4 महिला व 9 बच्चे शामिल हैं।



रेवाड़ी। ईंट भट्टे से पकड़े गए बांग्लादेशी।

### तीन दशक से रह रहा परिवार

पूछताछ के दौरान पता चला कि एक परिवार तो करीब 3 दशक से ईंट भट्टे पर काम कर रहा है। दो परिवार कुछ साल पहले ही जाडरा आए थे। परिवारों के मुखियाओं ने पुलिस को बताया कि वे एजेंटों के माध्यम से 7 से 12 हजार रुपये देकर बांग्लादेश से यहां आए हैं। कार्यवाही शुरू कर दी।

**तल्खी** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पीड़ितों को 10-10 लाख मुआवजा दे सरकार

*2021 में घर गिराए जाने मामले पर सख्त टिप्पणी, राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है, ऐसी कार्रवाई ठीक नहीं*

# प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया, यह अमानवीय

**प्रयागराज (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों के बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा कि 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा कि देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है। राइट टु शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है।



### गैंगेस्टर की संपत्ति समझकर 5 मकान गिराए

प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे। अफसरों ने पीड़ितों की जमीन को अतीक की जमीन समझ लिया। उन्हें (राज्य को) अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिए। इस दलील पर यूपी सरकार ने कहा था कि हमने याचिकाकर्ताओं को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया था। सुप्रीम कोर्ट में वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों ने याचिका दाखिल की थी। ये वो लोग हैं, जिनके मकान तोड़े गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकी याचिकाएं ठुकरा दी थीं।

**सुप्रीम निर्देश** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया कि जिनके मकान गिराए गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।

**इस घटना का जिक्र** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने यूपी के अंबेडकर नगर में 24 मार्च की घटना का जिक्र करते हुए कहा, 'अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ एक 8 साल की बच्ची अपनी किताब लेकर भाग रही थी। इस तस्वीर ने सबको शॉक्ड कर दिया था। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान के आधार पर कहा था कि वह भूमि नजूल लैंड थी।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला आज से

**चंडीगढ़।** पानीपत के समालखा में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू होगा। दो दिवसीय इस कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा की प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यशाला में पार्टी के दिग्गज नेता शिरकत करेंगे।

### कोल्ड स्टोरेज एसो. ने सीएम का आभार जताया

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और कोल्ड स्टोरेज मार्किट फीस प्रणाली को एकमुश्त से स्लैब आधारित संरचना में बदलने तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। सएकमुश्त शुल्क प्रणाली के कार्यान्वयन तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर कम करने से संचालकों को राहत मिलेगी।

# शिक्षकों की पदोन्नति इसी महीने तबादले अगले माह से होंगे

■ शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता में हुई विभाग के अफसरों की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में और सुधार लाना है। इसी कड़ी में अप्रैल 2025 में पीआरटी से टीजीटी, टीजीटी से पीजीटी, पीजीटी से प्रिंसिपल, प्रिंसिपल से बीईओ, बीईओ से डिप्टी डीईओ और डिप्टी डीईओ से डीईओ की प्रमोशन कर दी जाएगी। अप्रैल महीने में ही सभी नवनियुक्त और प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों को उनके स्टेशन दे दिए जाएंगे।

■ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखकर पीआरटी, टीजीटी व पीजीटी का रेशनेलाइजेशन किया जाएगा

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मंगलवार को सिविल सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखकर पीआरटी, टीजीटी और पीजीटी की पोस्टों का रेशनेलाइजेशन कर दिया जाएगा।



चंडीगढ़। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा।

## जुलाई में शिक्षकों को नए स्टेशन पर ज्वाइन करवा दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि मई के प्रथम सप्ताह में अलग-अलग चरणों में सभी तरह के टीचरों का ट्रांसफर ड्राइव शुरू करके जुलाई में सभी को उनके नए स्टेशन पर ज्वाइन करवा दिया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बजट भाषण में की कई गई घोषणा के मद्देनजर हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को और बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का विजन है कि राजकीय स्कूलों में बच्चों के लिए ई- पुस्तकालय हों।

## स्कूल में ई-पुस्तकालय खोले जाएंगे : ढांडा

को ध्यान में रखकर 193 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों एवं 250 पीएम श्री विद्यालयों में ई-पुस्तकालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूलों में सुरक्षित महसूस करें। इसलिए प्रदेश के 1497 राजकीय स्कूलों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बैठक में हरियाणा स्कूल एजुकेशन प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंकज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 15 जून से पहले सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एक विशेष अभियान चलाकर इस सम्बन्ध में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के अंदर पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके।

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य कृषि विपणन बोर्ड की बैठक

मुख्यमंत्री यहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व अधिकारी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री ने चंडी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना**



## गेहूं खरीद को लेकर पुख्ता इंतजाम : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए है। इसके लिए मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। आज मुख्यमंत्री पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए सभी जिला अधिकारियों को पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दे दिए गए है। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरी है, उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई व पेयजल की व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है। किसानों को उनकी फसल का एमएसपी पर खरीद के बाद समय पर भुगतान हो, इसके लिए भी दिशा निर्देश दें दिए गए हैं।

# बिजली निगमों का घाटा बढ़ा दरों में वृद्धि किसी भी समय

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

बिजली निगमों को घाटे से उबारने के लिए एचईआरसी द्वारा उठाए गए सवालों के बाद में अब बिजली की दरों में किसी भी वक्त वृद्धि की तलवार लटक गई है, वैसे भी राज्य की भाजपा सरकार का यह पहला साल है, इसमें वृद्धि का फैसला लिया जाना आसान होता है। एक अप्रैल से वृद्धि के कयास कई दिनों से लगाए जा रहे हैं, क्योंकि गत माह बैठकों में एचईआरसी (आयोग) की ओर से सवाल खड़े किए गए थे, जिसके साथ ही बिजली कंपनियों से इसे दूर करने के लिए पूछा भी गया था।

बताया जा रहा है कि बिजली कंपनियों की ओर से भी आयोग को वृद्धि का विकल्प दे दिया है, क्योंकि पूर्व में विस चुनाव और निकाय चुनाव आदि होने के कारण कोई बढ़ोतरी नहीं हो सकी थी।

## नोटिफिकेशन देर रात तक जारी होने की संभावना

कुल मिलाकर देर रात तक भी इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी होने की संभावना बनी हुई हैं, समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि कोई भी करने को तैयार नहीं हैं। हालांकि बिजली मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनकी जानकारी में इस तरह का कोई भी प्रस्ताव नहीं है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह काम बिजली विनियामक आयोग का है। भरोसेमंद उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि हरियाणा की बिजली कंपनियों ने 45,978.93 करोड़ का वार्षिक बजट मांगा है। बिजली कंपनियों ने 16 जनवरी को सुनवाई के दौरान भी यह पक्ष रखा था। इसके पहले भी 4520 करोड़ 24 लाख का घाटा दिखाया गया था, जिसके बाद से ही सवाल उठने लगे थे कि इस तरह के इतने घाटे की भरपाई कैसे की जाएगी साथ ही यह आने वाले समय में बढ़ता जाएगा।

**हैफेड जिला कार्यालय हिसार**

**निविदा सूचना**

हैफेड हिसार जिला हिसार में विभिन्न हैफेड स्टोरेज परिसरों अर्थात उकलाना, आदमपुर, खेड़ी, जलब, बास, हांसी, नारनौंद, बरवाला में स्थापित विभिन्न वे ब्रिजेज के लिए वार्षिक मरम्मत और रखरखाव अनुबंध हेतु इच्छुक है, इच्छुक पार्टियां जिन्हें सरकारी संगठनों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो अपनी मोहरबंद निविदाए 07.04.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे तक भेज सकती है और इन्हें अप. 2.00 बजे तक इच्छुक पार्टियों जो डीएम हैफेड हिसार निकट मधुबन पार्क हिसार में उपस्थित रहने की इच्छुक हो, की उपस्थिति में खोला / अन्तिम रूप दिया जाएगा। पार्टियों से अपेक्षा की जाती है कि वे रु. 10,000/- धरोहर राशि के रूप में निविदा के साथ और समिति के निरीक्षण हेतु वांछित दस्तावेज जमा करवाएं। धरोहर राशि रु. 10,000/- डिमांड ड्राफ्ट के रूप में दि हरियाणा स्टेट कॉपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के पक्ष में हिसार पर देय होगी जिसे सफल बोलीदाता की रु. 20,000/- की प्रतिभूति राशि में परिवर्तित कर दिया जाएगा और एएमसी की सफल पूर्णता के बाद वापस कर दिया जाएगा। इस राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

हैफेड बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अन्य नियम व शर्तें स्थल पर घोषित की जाएंगी।

हस्ता/- जिला प्रबंधक
हैफेड हिसार

No. Hafed/Hsr/Acctts/870 dt. 01.04.25

संवाद-1023/11/35/2026/33502/सी/88/6 दि. 01.04.25

# किसानों को परेशान करने की नीति पर चल रही सरकार

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि किसानों को लूटना और उनको बेवजह परेशान करना, बीजेपी की नीति बन गई है। हर एक सीजन में जानबूझकर फसल खरीद शुरू करने में देरी और तय की गई तारीख से भी खरीद शुरू नहीं की जाती। इस बार भी अपनी फसल बेचने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। हुड्डा ने कहा कि सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने का ऐलान किया है। लेकिन हमेशा की तरह कहीं उठान के लिए टेंडर नहीं किए गए तो कहीं आढ़तियों को बारदाना तक नहीं दिया गया। उठान नहीं होने के चलते हर बार मंडियों में फसल का अंबार लग जाता है। किसानों को अपनी फसल रखने की जगह तक नहीं मिलती। इतना ही नहीं उठाने में देरी के चलते किसानों की पेमेंट में भी देरी होती है। सरकार जानबूझकर सैंकड़ों करोड रुपए की पेमेंट पर कुंडली मारकर बैठ जाती है। लेकिन किसानों से एक-एक मिनट का ब्याज लेने वाली सरकार, कई-कई दिन और कई-कई महीनों तक पेमेंट में देरी के बावजूद किसानों को एक पैसा भी ब्याज नहीं देती।



# एचकेआरएन कर्मियों को हटा रही सरकार

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा की गारंटी दे रही है तो दूसरी ओर विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को नौकरी से हटाने में लगी हुई है, यह सरकार झूठी घोषणाएं कर लोगों को गुमराह कर रही है, इस जुमलेबाज सरकार की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी हैसांसद सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार चाहे केंद्र की हो चाहे हरियाणा की उसका एक सूत्रीय कार्यक्रम में कि झूठी घोषणएं कर जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करो। इस सरकार का खुद का कार्यकाल इस बात का गवाह है कि भाजपा सरकार ने जो भी वायदा किया झूठा किया। अब सरकार कर्मचारियों की सुध नहीं ले रही।



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड हिसार | लाडवा केन्द्र (हिसार) के पीईजी गोदामों में (लोडिंग अनलोडिंग) फुड ग्रेन्स की हैंडलिंग + ट्रांसपोर्टर ठेकेदार और श्रम ठेकेदार हेतु निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार जिला हिसार के विभिन्न केन्द्रों पर ट्रांसपोर्टर और फर्टिलाइजर के श्रम प्रचालन हेतु। | 02.04.2025 07.04.2025 | पीईजी + फर्टिलाइजर 350000+ 300000 =650000/- | hafed.gov.in | Sh.AnuragGupta 9812327591 dmhdhsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/33524/I/88/6 दि. 01.04.25

## मुख्य सचिव ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर ली समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर हिसार में महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यहां प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और सफाई के पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में ड्रेन नं. 8 के ऊपर हाई लेवल ब्रिज का निर्माण, एचएसवीपी रोड क्रॉसिंग पर (टीडीआई सिटी) से एचएसआईआईडीसी रोड कुण्डली औद्योगिक क्षेत्र। | 29.03.2025 15.04.2025 | 630.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | गांव जसवंती जिला कैथल में राजकीय पशु चिकित्सा हस्पताल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 30.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | जिला हिसार में हांसी में सिविल हस्पताल की विशेष मरम्मत (बिना जीएसटी)। | 31.03.2025 09.04.2025 | 352.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत के समालखा में न्यायिक परिसर में अतिरिक्त पीटीजैड और बुलेट कैमरा का प्रावधान + 3 कार्य। | 01.04.2025 07.04.2025 | 40.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत के सिविल हस्पताल में एमसीएच ब्लॉक के भवन का निर्माण (केवल शेष एचवीएसी) का प्रावधान। | 01.04.2025 10.04.2025 | 157.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | मथाना 49.99 गांव मथाना ब्लॉक पिपली जिला कुरुक्षेत्र में ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाई बीपीएचयू का निर्माण + 2 कार्य। | 29.03.2025 18.04.2025 | 125.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | जिला परिषद अम्बाला | गांव पिलखनी खण्ड साहा (अम्बाला) में एसएचसी का निर्माण। | 28.03.2025 07.04.2025 | 54.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2975281 zpexenambala@gmail.com |
| 8 | बागवानी विभाग (एक्सीलेंस सेंटर) घरौंडा (करनाल) | श्रम जॉब वर्क निविदा। | 02.04.2025 02.05.2025 | ईएमडी 120000 | https://etenders.hry.nic.in | 9996788004 ddh.cev@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/33522/I/88/6 दि. 01.04.25

## डॉ. प्रेम सिंह ने पशुपालन व डेयरी विभाग के महानिदेशक का कार्यभार संभाला

**चंडीगढ़।** डॉ. प्रेम सिंह ने हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, डॉ. सिंह विभाग के मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। डॉ. प्रेम सिंह के पास इस क्षेत्र का व्यापक अनुभव है। उनके इस अनुभव और समर्पण से हरियाणा के कृषि और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण सुधार होगा। से इस क्षेत्र में सतत

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

यह उन उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए, जिन्होंने असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) संगीत (वोकल) और संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल) (विज्ञा. सं. 58/2024 और 57/2024) एतद द्वारा घोषणा की जाती है कि उक्त पदों के लिए कौशल परीक्षा 06.04.2025 से 12.04.2025 तक आयोजित की जाएगी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. **संगीत (वोकल)**

दिनांक 06.04.2025 (रविवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4001 | 4002 | 4003 | 4004 | 4005 | 4006 | 4007 | 4008 | 4009 | 4010 |
| 4011 | 4012 | 4013 | 4014 | 4015 | 4016 | 4017 | 4018 | 4019 | 4020 |
| 4021 | 4022 | 4023 | 4024 | 4025 | 4026 | 4027 | 4028 | 4029 | 4030 |
| 4031 | 4032 | 4033 | 4034 | 4035 | 4036 | 4037 | 4038 | 4039 | 4040 |
| 4041 | 4042 | 4043 | 4044 | 4045 | 4046 | 4047 | 4048 | 4049 | 4050 |
| 4051 | 4052 | 4053 | 4054. | 4055 | 4056 | 4057 | | | |

दिनांक 06.04.2025 (रविवार) उपस्थिति समय दोपहर 12.00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4058 | 4059 | 4060 | 4061 | 4062 | 4063 | 4064 | 4065 | 4066 | 4067 |
| 4068 | 4069 | 4070 | 4071 | 4072 | 4073 | 4074 | 4075 | 4076 | 4077 |
| 4078 | 4079 | 4080 | 4081 | 4082 | 4083 | 4084 | 4085 | 4086 | 4087 |
| 4088 | 4089 | 4090 | 4091 | 4092 | 4093 | 4094 | 4095 | 4096 | 4097 |
| 4098 | 4099 | 4100 | 4101 | 4102 | 4103 | 4104 | 4105 | 4106 | 4107 |
| 4108 | 4109 | 4110 | 4111 | | | | | | |

दिनांक 07.04.2025 (सोमवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4112 | 4113 | 4114 | 4115 | 4116 | 4117 | 4118 | 4119 | 4120 | 4121 |
| 4122 | 4123 | 4124 | 4125 | 4126 | 4127 | 4128 | 4129 | 4130 | 4131 |
| 4132 | 4133 | 4134 | 4135 | 4136 | 4137 | 4138 | 4139 | 4140 | 4141 |
| 4142 | 4143 | 4144 | 4145 | 4146 | 4147 | 4148 | 4149 | 4150 | 4151 |
| 4152 | 4153 | 4154 | 4155 | 4156 | 4157 | 4158 | 4159 | 4160 | 4161 |
| 4162 | 4163 | 4164 | 4165 | 4166 | 4167 | 4168 | | | |

दिनांक 07.04.2025 (सोमवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4169 | 4170 | 4171 | 4172 | 4173 | 4174 | 4175 | 4176 | 4177 | 4178 |
| 4179 | 4180 | 4181 | 4182 | 4183 | 4184 | 4185 | 4186 | 4187 | 4188 |
| 4189 | 4190 | 4191 | 4192 | 4193 | 4194 | 4195 | 4196 | 4197 | 4198 |
| 4199 | 4200 | 4201 | 4202 | 4203 | 4204 | 4205 | 4206 | 4207 | 4208 |
| 4209 | 4210 | 4211 | 4212 | 4213 | 4214 | 4215 | 4216 | 4217 | 4218 |
| 4219 | 4220 | 4221 | 4222 | | | | | | |

दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4223 | 4224 | 4225 | 4226 | 4227 | 4228 | 4229 | '4230 | 4231 | 4232 |
| 4233 | 4234 | 4235 | 4236 | 4237 | 4238 | 4239 | 4240 | 4241 | 4242 |
| 4243 | 4244 | 4245 | 4246 | 4247 | 4248 | 4249 | 4250 | 4251 | 4252 |
| 4253 | 4254 | 4255 | 4256 | 4257 | 4258 | 4259 | 4260 | 4261 | 4262 |
| 4263 | 4264 | 4265 | 4266 | 4267 | 4268 | 4269 | 4270 | 4271 | 4272 |
| 4273 | 4274 | 4275 | 4276 | 4277 | 4278 | 4279 | | | |

दिनांक 08.04.2025 (मंगलवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4280 | 4281 | 4282 | 4283 | 4284 | 4285 | 4286 | 4287 | 4288 | 4289 |
| 4290 | 4291 | 4292 | 4293 | 4294 | 4295 | 4296 | 4297 | 4298 | 4299 |
| 4300 | 4301 | 4302 | 4303 | 4304 | 4305 | 4306 | 4307 | 4308 | 4309 |
| 4310 | 4311 | 4312 | 4313 | 4314 | 4315 | 4316 | 4317 | 4318 | 4319 |
| 4320 | 4321 | 4322 | 4323 | 4324 | 4325 | 4326 | 4327 | 4328 | 4329 |
| 4330 | 4331 | 4332 | 4333 | | | | | | |

दिनांक 09.04.2025 (बुधवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4334 | 4335 | 4336 | 4337 | 4338 | 4339 | 4340 | 4341 | 4342 | 4343 |
| 4344 | 4345 | 4346 | 4347 | 4348 | 4349 | 4350 | 4351 | 4352 | 4353 |
| 4354 | 4355 | 4356 | 4357 | 4358 | 4359 | 4360 | 4361 | 4362 | 4363 |
| 4364 | 4365 | 4366 | 4367 | 4368 | 4369 | 4370 | 4371 | 4372 | 4373 |
| 4374 | 4375 | 4376 | 4377 | 4378 | 4379 | 4380 | 4381 | 4382 | 4383 |
| 4384 | 4385 | 4386 | 4387 | 4388 | 4389 | 4390 | | | |

दिनांक 09.04.2025 (बुधवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4391 | 4392 | 4393 | 4394 | 4395 | 4396 | 4397 | 4398 | 4399 | 4400 |
| 4401 | 4402 | 4403 | 4404 | 4405 | 4406 | 4407 | 4408 | 4409 | 4410 |
| 4411 | 4412 | 4413 | 4414 | 4415 | 4416 | 4417 | 4418 | 4419 | 4420 |
| 4421 | 4422 | 4423 | 4424 | 4425 | 4426 | 4427 | 4428 | 4429 | 4430 |
| 4431 | 4432 | 4433 | 4434 | 4435 | 4436 | 4437 | 4438 | 4439 | 4440 |
| 4441 | 4442 | 4443 | 4444 | | | | | | |

दिनांक 10.04.2025 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4445 | 4446 | 4447 | 4448 | 4449 | 4450 | 4451 | 4452 | 4453 | 4454 |
| 4455 | 4456 | 4457 | 4458 | 4459 | 4460 | 4461 | 4462 | 4463 | 4464 |
| 4465 | 4466 | 4467 | 4468 | 4469 | 4470 | 4471 | 4472 | 4473 | 4474 |
| 4475 | 4476 | 4477 | 4478 | 4479 | 4480 | 4481 | 4482 | 4483 | 4484 |
| 4485 | 4486 | 4487 | 4488 | 4489 | 4490 | 4491 | 4492 | 4493 | 4494 |
| 4495 | 4496 | 4497 | 4498 | 4499 | 4500 | 4501 | | | |

दिनांक 10.04.2025 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4502 | 4503 | 4504 | 4505 | 4506 | 4507 | 4508 | 4509 | 4510 | 4511 |
| 4512 | 4513 | 4514 | 4515 | 4516 | 4517 | 4518 | 4519 | 4520 | 4521 |
| 4522 | 4523 | 4524 | 4525 | 4526 | 4527 | 4528 | 4529 | 4530 | 4531 |
| 4532 | 4533 | 4534 | 4535 | 4536 | 4537 | 4538 | 4539 | 4540 | 4541 |
| 4542 | 4543 | 4544 | 4545 | 4546 | 4547 | 4548 | 4549 | 4550 | 4551 |
| 4552 | 4553 | 4554 | 4555 | | | | | | |

2. **संगीत (इंस्ट्रयूमेंटल)**

दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5001 | 5002 | 5003 | 5004 | 5005 | 5006 | 5007 | 5008 | 5009 | 5010 |
| 5011 | 5012 | 5013 | 5014 | 5015 | 5016 | 5017 | 5018 | 5019 | 5020 |
| 5021 | 5022 | 5023 | 5024 | 5025 | 5026 | 5027 | 5028 | 5029 | 5030 |
| 5031 | 5032 | 5033 | 5034 | 5035 | 5036 | 5037 | 5038 | 5039 | 5040 |
| 5041 | 5042 | 5043 | 5044 | 5045 | 5046 | 5047 | 5048 | 5049 | 5050 |
| 5051 | 5052 | 5053 | 5054 | | | | | | |

दिनांक 11.04.2025 (शुक्रवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5055 | 5056 | 5057 | 5058 | 5059 | 5060 | 5061 | 5062 | 5063 | 5064 |
| 5065 | 5066 | 5067 | 5068 | 5069 | 5070 | 5071 | 5072 | 5073 | 5074 |
| 5075 | 5076 | 5077 | 5078 | 5079 | 5080 | 5081 | 5082 | 5083 | 5084 |
| 5085 | 5086 | 5087 | 5088 | 5089 | 5090 | 5091 | 5092 | 5093 | 5094 |
| 5095 | 5096 | 5097 | 5098 | 5099 | 5100 | 5101 | 5102 | 5103 | 5104 |
| 5105 | 5106 | 5107 | | | | | | | |

दिनांक 12.04.2025 (शनिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे (प्रातःकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5108 | 5109 | 5110 | 5111 | 5112 | 5113 | 5114 | 5115 | 5116 | 5117 |
| 5118 | 5119 | 5120 | 5121 | 5122 | 5123 | 5124 | 5125 | 5126 | 5127 |
| 5128 | 5129 | 5130 | 5131 | 5132 | 5133 | 5134 | 5135 | 5136 | 5137 |
| 5138 | 5139 | 5140 | 5141 | 5142 | 5143 | 5144 | 5145 | 5146 | 5147 |
| 5148 | 5149 | 5150 | 5151 | 5152 | 5153 | 5154 | 5155 | 5156 | 5157 |
| 5158 | 5159 | 5160 | 5161 | | | | | | |

दिनांक 12.04.2025 (शनिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे (सायंकालीन सत्र)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5162 | 5163 | 5164 | 5165 | 5166 | 5167 | 5168 | 5169 | 5170 | 5171 |
| 5172 | 5173 | 5174 | 5175 | 5176 | 5177 | 5178 | 5179 | 5180 | 5181 |
| 5182 | 5183 | 5184 | 5185 | 5186 | 5187 | 5188 | 5189 | 5190 | 5191 |
| 5192 | 5193 | 5194 | 5195 | 5196 | 5197 | 5198 | 5199 | 5200 | 5201 |
| 5202 | 5203 | 5204 | 5205 | 5206 | 5207 | 5208 | 5209 | 5210 | 5211 |
| 5212 | 5213 | 5214 | | | | | | | |

टिप्पणी :- उम्मीदवारों को हरियाणा लोक सेवा आयोग सेक्टर-4 पंचकूला में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।

दिनांक : 01.04.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद-1156/13/312/2026/33511/88/6 दि. 01.04.25

नवरात्र पर विशेष



## पंचम-स्कंदमाता

सर्वशक्तिमान, ममतामयी मां स्वरूपा भगवती दुर्गा का पांचवां रूप स्कंदमाता के रूप में प्रतिष्ठित है। अपने ब्रह्मचारिणी स्वरूप में देवी ने तपस्या करके भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। भगवान शिव और शक्ति के पुत्र के रूप में स्कंद का जन्म हुआ, जिन्होंने देवताओं की सेना का संचालन किया। देवताओं के सेनापति सनत कुमार की माता के रूप में देवी का स्कंदमाता स्वरूप ममतामयी और मनमोहक है। देवी की गोद में स्कंद विराजमान हैं, देवी की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। शुभ्रवर्णी देवी पदम पर विराजमान हैं। सिंह इनका वाहन है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया के बंधनों से दूर रहता है। स्कंदमाता की आराधना का मंत्र है-

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

# पेयजल किल्लत से खफा ग्रामीण 60 फुट ऊंची जलघर की टंकी पर चढ़ गए

## अधिकारियों के आश्वासन पर तीन घंटे बाद नीचे उतरे

■ ग्रामीणों ने बताया कभी तीन दिन तो कभी चार दिन बाद दी जा रही पेयजल सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** भिरड़ाना में जलघर की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन करते ग्रामीण एवं लिखति में आश्वासन देते अधिकारी।

पेयजल समस्या को लेकर गांव भिरडाना के ग्रामीणों के सब्र का बांध मंगलवार को आखिरकार टूट गया। पेयजल संकट से खफा चार ग्रामीण 60 फुट ऊंची जलघर की टंकी पर चढ़ गए और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष जताया। इस बारे सूचना मिलते ही थाना सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और टंकी पर चढ़े ग्रामीणों से नीचे उतरने को कहा लेकिन ग्रामीण नहीं माने। बाद में विभाग के एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। करीब एक घंटे बाद ग्रामीण टंकी से नीचे उतरे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण मनप्रीत भिरडाना, सुखविंद्र, बिट्टू, लक्ष्मण आदि ने पेयजल समस्या को लेकर रोष जताया। ग्रामीण लखविन्द्र लख्खा, दीपक, भीमसेन बिन्नी, दीक्षांत डेलू, ओमप्रकाश कंबोज, अरुण बजाज, राजू रैबारी, सीताराम पंच, सुरजीत सरारी, साहिल रोहिल्ला, रविदास, विनोद धाणक, जगीरो बाई, रेशमा, प्रेमो, कौशल्या, शोभा सिंह, बिट्टू, सुलखन, दर्शन, देवीलाल ने बताया कि 17 हजार की आबादी वाले भिरडाना में पिछले काफी समय से चार दिन बाद पेयजल सप्लाई दी जा रही थी। इसके कारण लोग खेतों से ड्रम, महिलाओं द्वारा नलकूपों से घड़े और टैंकरों द्वारा पानी भरा जा रहा था। हालांकि जलघर में पानी स्टोरेज के पांच टैंकों में से दो टैंको में पानी था, फिर पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

### नहरबंदी के कारण समस्या

एक दिन पहले फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर में पानी आया था, जिससे जलघर के टैंक भरे जा रहे है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एक सप्ताह तक नहर में पानी चलने की उम्मीद है। जिससे लोगों को राहत मिल सकती है। नहरबंदी के कारण समस्या पैदा हो रही है। भिरडाना में चार दिन की जगह अब एक दिन छोड़कर सप्लाई दी जाएगी। लोग भी पानी व्यर्थ न बहाएं। हम सब मिलकर इस समस्या से निपट सकते है। **-भागीराम वर्मा एसडीओ**, जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद।

# 4-5 को एमडीयू में आयोजित होगा हरियाणा फिल्म महोत्सव

■ प्रदेश के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, जीवंत लोक जीवन, स्वस्थ खान-पान, बहुरंगी सांस्कृतिक आयामों पर केन्द्रित हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 आगामी 4-5 अप्रैल को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। एमडीयू के टैगोर सभागार में 4 अप्रैल को इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ होगा। हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी हरियाणवी फिल्म महोत्सव के समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह दोनों कार्यक्रमों में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में तीन विशेष कार्यशाला (मास्टर क्लास) का आयोजन होगा। स्क्रिप्ट टू सिनेमा हरियाणवी संस्कृति के विकास के गीत संगीत की भूमिका तथा क्षेत्रीय (हरियाणवी) सिनेमा का महत्व व विकास क्यों जरूरी विषयों पर इन मास्टर क्लास का आयोजन होगा। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव के तहत लघु फिल्मों तथा वृत्त चित्र (डॉक्यूमेंट्री) की प्रतियोगिता भी होगी। गौरतलब है कि विविध विषयों पर लघु फिल्म, वृत्त चित्र तथा रील्स आमंत्रित किए गए थे। ज्यूरी द्वारा इन प्रविष्टियों की समीक्षा एवं मूल्यांकन उपरांत पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। पुरस्कृत फिल्मों को 5 अप्रैल को पारितोषिक वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### मीडिया संवाद में दी जानकारी

मंगलवार को फिल्म महोत्सव के आयोजन को लेकर मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। विश्व संवाद केन्द्र, हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. मार्कण्डेय आहूजा तथा विश्व संवाद केन्द्र, हरियाणा के सचिव राजेश कुमार ने मीडिया कर्मियों से संवाद किया। हरियाणा के प्रतिष्ठित कलाकार- हरिओम कौशिक, रणजीत चौहान, आकाश चांवरिया, तरुण मोर, मनीष कुमार सुमन सेन इस अवसर पर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 का आयोजन विश्व संवाद केन्द्र हरियाणा तथा सिने फाउंडेशन हरियाणा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# ईद पर नूंह में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान एक नामजद, दो के विरुद्ध केस दर्ज

■ नमाजियों ने फिलिस्तीनी झंडा लेकर जुलूस निकाला था तिरंगे में अशोक चक्र नहीं था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह



जिले के गांव घासेड़ा में ईद के पावन मौके पर एक विवादित घटना सामने आई है। यहां ईद की नमाज के बाद संभावित वक्फ बोर्ड मुस्लिम बिल संशोधन के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप लगा है। नूंह सदर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक नामजद आरोपी साकिर सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कथित तौर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए देखा गया। वीडियो में प्रदर्शन के दौरान एक युवक, जिसकी पहचान साकिर के रूप में हुई, के हाथ में तिरंगा दिखाई दिया। हालांकि, यह झंडा पूर्ण रूप से सही नहीं था और इसमें अशोक चक्र गायब था। पुलिस का कहना है कि इस तरह से राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया। वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। हरिंदर कुमार डीएसपी ने बताया घटना की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिली थी।

## लॉकर्स से 10 करोड़ का माल साफ करने वाले आरोपी ने खुदकुशी की

**अंबाला।** कोऑप्रेटिव बैंक के 32 लॉकर्स से 10 करोड़ का माल साफ करने वाले मिथुन बिंद ने आत्महत्या कर ली। पुलिस हिरासत से फरार हुए मिथुन बिंद का शव बिहार में रेलवे की पटरी से मिला। अंबाला पुलिस रिमांड के जरिए उसे पूछताछ के लिए बिहार ले गई थी। अब पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मुख्य आरोपी की हिरासत से फरारी के मामले में अब जांच अधिकारी ही मुसीबत में फंसते दिख रहे हैं। मुख्य आरोपी की मौत के साथ ही कोऑप्रेटिव बैंक से चोरी 10 करोड़ के माले की रिकवरी होने भी अब मुश्किल दिख रही है। गिरफ्तारी के बाद अंबाला पुलिस चोरी के मामले में आरोपी मिथुन बिंद को लेकर बिहार गई थी।बताते हैं कि आरोपी मिथुन पुलिस हिरासत से फरार हो गया था। बाद में उसका शव मिला।





## कबाड़ की दुकान पर बाल मजदूरी, दो बच्चों का रेस्क्यू

**डबवाली।** महिला थाना डबवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत इमरान पुत्र शक्ति निवासी सुंदर नगर डबवाली व कृष्ण पुत्र अशोक निवासी गुगम मेडी नगर मंडी डबवाली को सुखविंद्र पुत्र सुरजीत निवासी लोहगढ़ सुख कबाड़ स्टोर से लेकर इमरान को उसके माता-पिता व कृष्ण को उसके चाचा नरेश कुमार के हवाले किया व बच्चों से बाल मजदूरी न कराने की सख्त हिदायत दी गई। बाल अधिकारों व बाल श्रम पर अभिभावकों को जागरूक करते हुए महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमला देवी ने कहा कि बाल श्रम हमारे देश और समाज के लिए बहुत ही गंभीर विषय है। आज समय आ गया है किइस विषय पर बात करने के साथ जिम्मेदारी भी समझनी होगी।

माह के दूसरे पखवाड़े तक पसीना छुड़ाने लगेगी गर्मी

# 5 दिन बाद पारा 35 डिग्री पर, कल पश्चिम विक्षोभ से राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** खेत में काटी गई गेहं की फसल।

प्रदेशभर में बीते सप्ताह तापमान 39 डिग्री तक पहुंचने के बाद मौसम के तेवर उग्र होने शुरू हो गए थे। सप्ताह के मध्य विक्षोभ की सक्रियता ने तापमान में कमी ला दी थी। अब तीन दिन से तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे दिन के समय गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से वीरवार को आसमान में बादल छाने का अनुमान है, लेकिन गर्मी के तेवर लगातार तल्ख होते जाएंगे। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े तक गर्मी पसीने छुड़ाना शुरू कर देगी। बीते शनिवार को अधिकत तापमान गिरकर 30.5 डिग्री पर आ गया था। इससे मौसम ठंडा हो गया था। इसके बाद तापमान में लगातार वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक मौसम काफी गर्म हो गया।

### रात का पारा भी बढ़ेगा

सप्ताह के अंत तक रात का पारा भी बढ़ सकता है। इससे रात के समय भी गर्मी लोगों की नींद उड़ाने का काम करेगी। गर्मी की शुरूआत लगभग हो चुकी है। पंखे और एसी चलने शुरू हो गए हैं। माह के दूसरे पखवाड़े में गर्म हवाएं चलनी शुरू हो सकती हैं।






# दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिये 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं । उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं । कटारिया ने कहा ,'' आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं । यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूँ क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।''



भारतीय फॉरवर्ड खिलाड़ी **वंदना कटारिया**

- वंदना ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्याद मैच खेले
- भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर
- कटारिया के नाम 158 गोल दर्ज है

## कोच व मेंटर्स ने मेरी हॉकी को तराशा

कटारिया ने कहा ,'' अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया । मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा ।'' हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कटारिया के बारे में कहा ,'' वह गोल ही नहीं करती थी बल्कि भारतीय आक्रमण की धड़कन थी । अथक परिश्रम करने वाली और मोर्चे से अगुवाई करने वाली ।''

## फारवर्ड पंक्ति को धार देती थी : टिर्की

टिर्की ने कहा ,'' उसकी मौजूदगी ने भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को धार दी , खासकर भारी दबाव वाले मैचों में । वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की कामयाबी में उसका अहम योगदान रहा । उसने भावी पीढी के लिये नये मानदंड कायम किये हैं ।''

## विदाई थकान के वजह से नहीं

स्ट्राइकर ने कहा ,'' यह विदाई थकान की वजह से नहीं है । यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।''

## 2009 में सीनियर टीम में किया प्रवेश

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई । ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं ।

**टोक्यो के बारे में रोंगटे खड़े हो जाते हैं**

वंदना ने कहा ,'' टोक्यो के बारे में सोचकर अभी भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं । वह ओलंपिक खास था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मेरे कैरियर का सबसे जज्बाती मैच था । वह हैट्रिक खास थी और उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि हमने साबित किया था कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं ।''

## महिला नेशंस कप विजेता टीम का हिस्सा रही

कटारिया 2016 और 2023 महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2022 में स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा थी । उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और 2018 चैम्पियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीता । वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल, 2014 और 2022 एशियाई खेल और 2021 . 22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य जीतने वाली टीम में भी थी ।

## भुवनेश्वर में भारत के लिए आखिरी मैच खेला

हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिये आखिरी मैच खेला। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे। उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता। उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी । उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिये मंच दिया।''

खास खबर

## मैं हर मैच में अपने प्रदर्शन में सुधार लाना चाहता हूं: अर्शदीप



**लखनऊ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

# यह मुकम्मिल प्रदर्शन था : मुंबई की जीत पर बोले विलियमसन

**मुंबई का यह संपूर्ण प्रदर्शन रहा**

एजेंसी ▶▶| मुंबई



आईपीएल में जहां टीमें रनों का अंबार लगा रहीं हैं, ऐसे में मुंबई इंडियंस ने गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले मैच में 116 रन पर आउट कर दिया और न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर केन विलियमसन ने इसकी तारीफ की है। मुंबई ने इस सत्र में पहली जीत दर्ज करते हुए केकेआर को आठ विकेट से हराया ।

विलियमसन ने जियो हॉटस्टार पर कहा ,'' यह संपूर्ण प्रदर्शन था । टॉस जीतना, गेंदबाजी चुनना और रणनीति पर खूबसूरती से अमल करना । एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार को लाना जिसने शानदार प्रदर्शन किया । उन्होंने लगातार विकेट चटकाये जो देखकर अच्छा लगा ।'' विलियमसन ने कहा ,'' आजकल इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से अब टीमें बड़े स्कोर बना रही हैं लेकिन मुंबई ने पूरे मैच में दबाव बनाये रखा ।'' पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने तीन ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिये । वह आईपीएल पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने ।

## केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही

पंजाब के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही । मैच हालात और मैदान के हालात के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की । उन्होंने कहा ,'' कई बार हालात को ध्यान में रखना सबसे जरूरी होता है । यह पारंपरिक बल्लेबाजी वाला विकेट नहीं था, खासकर नयी गेंद से । ऐसे में शुरूआत में एहतियात बरतनी जरूरी थी । गेंद के पुरानी और नरम होने के बाद शॉट खेलने चाहिये थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।''


## पंजाब की लगातार दूसरी जीत, अर्शदीप ने झटके 3 विकेट

# प्रभसिमरन-अय्यर के अर्धशतक से किंग्स ने सुपर जाइंट्स को हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर के तूफानी अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में दूसरी जीत दर्ज की। सुपर जाइंट्स के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन की 34 गेंद में तीन छक्कों और नौ चौकों से 69 रन की पारी और कप्तान श्रेयस अय्यर (52 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 84 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाकर जीत हासिल की। अय्यर ने निहाल वढेरा (नाबाद 43, 25 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। लेग स्पिनर दिग्वेश राठी सुपर जाइंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। सुपर जाइंट्स ने इससे पहले निकोलस पूरन के 44 और आयुष बडोनी के 41 रन की बदौलत सात विकेट पर 171 रन बनाए। बडोनी ने डेथ ओवरों में अब्दुल समद (27) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन ने शारदुल ठाकुर के पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन प्रियांश आर्या (08) राठी की गेंद पर जीवनदान मिलने के बावजूद एक गेंद बाद शारदुल को कैच दे बैठे। प्रभसिमरन ने आवेश खान पर छक्का जड़ने के बाद रवि बिश्नोई की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा और अय्यर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 62 रन तक पहुंचाया।




## दक्षिण अफ्रीका के कोच वाल्टर ने दिया इस्तीफा

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर निजी कारणों से इस महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। वाल्टर ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया जिसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने स्वीकार कर लिया है। मार्च 2023 से इस पद पर काबिज वाल्टर ने वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीका की हालिया सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया जहां वे बारबाडोस में भारत से हारकर उपविजेता रहे।

## पुणेरी के जाने पर यूटीटी ने कोलकाता को किया शामिल

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) ने अगले महीने से शुरू होने वाले आगामी सत्र के लिए नई फ्रेंचाइजी कोलकाता थंडरब्लेड्स को शामिल किया है जबकि पुणेरी पल्टन के मालिक लीग से बाहर हो गए हैं। पुनीत बालन ग्रुप के स्वामित्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद अपना नाम बदलकर पुणे जगुआर रख लिया है। कोलकाता फ्रेंचाइजी के जुड़ने और पुणेरी पल्टन के बाहर होने के बाद टूर्नामेंट में आठ टीमें बनी रहेंगी।

## जीत की हैट्रिक लगाने टाइटंस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी आरसीबी



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### मैनी फोर्ड की टीम के लिए रेसिंग करेंगे

**माईपाथ (जर्मनी)।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के लिए रेसिंग करेंगे। पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरेनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था। पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा।

### सप्तक और थंगराज आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप में शीर्ष पर

**ग्रेटर नोएडा।** श्रीलंका के एन थंगराजा और अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे स्थानीय खिलाड़ी सप्तक तलवार ने मंगलवार को यहां अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के शुरुआती दौर के बाद पांच अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामें में महू के ओम प्रकाश चौहान, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में चार अंडर 68 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है।

विश्व मुक्केबाजी कप

# भारत की रही निराशाजनक शुरुआत, परेरा से हारा चाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए।

मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैम्पियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैम्पियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5-0 से हराया। चाहर के लिये यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिये। चाहर ने 150 में से 149 अंक बनाये जबकि चाहर के 135 अंक रहे । भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा।

निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है।

- चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में ब्राजील के परेरा से हार

### एलीट मुक्केबाज पहली बार उतरी

*पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं । इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किये गए नये भारवर्गों में खेलेंगे।*

## कोहली खेलेंगे 2027 का वनडे विश्व कप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच विराट कोहली ने फैंस और क्रिकेट प्रेमियों को बहुत बड़ी अपडेट दी है। आईपीएल का 18वां सीजन खेलने में व्यस्त विराट कोहली ने एक इवेंट के दौरान बड़ा खुलासा कर दिया है। कोहली ने 5 सेकेंड में कुछ ऐसा कह दिया जिस पर उनके फैंस को यकीन ही नहीं हो रहा है। अब विराट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से मात दी थी। फैंस को डर था कि जीत के बाद कहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली संन्यास का एलान ना कर दें। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि मैं अभी कहीं नहीं जाने वाला। वहीं अब विराट कोहली ने ना सिर्फ संन्यास पर बल्कि वनडे विश्व कप 2027 पर भी बड़ा अपडेट दिया है। एक इवेंट के दौरान जब विराट कोहली से पूछा गया कि वर्तमान को देखते हुए, क्या आप अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत दे सकते हैं? इस पर विराट कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम? मुझे नहीं पता। शायद अगला विश्व कप 2027 जीतने की कोशिश करें।' इस जवाब के साथ ही कोहली ने साफ भी कर दिया है कि विराट कोहली अभी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहे हैं।

**संदिग्ध गेंजबाजी एक्शन की शिकायत झेलना पड़ा था मैट को**

# क्लीन चिट के बाद कुहनेमन को मिला आस्ट्रेलिया का अनुबंध

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025 . 26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था।

कुहनेमन ने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिये हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है । उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है । आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं ।भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है । कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी ।

### अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा ।

## पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने कोलकाता के चार विकेट चटकाए

# अश्वनी ने आईपीएल में पदार्पण का श्रेय कप्तान हार्दिक को दिया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ी अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कहा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण से पहले उन्हें यह याद दिलाकर उनकी घबराहट दूर कर दी कि 'पंजाबी निडर हैं' और उन्हें बस मैदान पर जाकर प्रतिद्वंद्वी टीम में खौफ पैदा करना चाहिए।

पंजाब के झंजेरी के इस 23 वर्षीय वामहस्त तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 24 रन देकर चार विकेट झटककर टीम को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। वह इसके साथ ही आईपीएल में अपने पहले मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए।



### पहली ही गेंद पर लिया विकेट

वह पिछले 10 साल में आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे अश्वनी के धैर्य से काफी प्रभावित हुए।

### घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया

अश्वनी ने मैच के पहले घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया था और सिर्फ केला खाकर मैदान पर उतरे थे। उन्होंने खुद को सहज कराने का श्रेय अपने कप्तान को दिया। अश्वनी ने 'आईपीएलटी20डॉट कॉम से कहा, ''यह बहुत अच्छा अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। हार्दिक भाई ने मुझसे कहा, 'तुम पंजाब से हो और पंजाबी निडर होते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को डराओ और इसका मजा लो।''

### मेरा पसंदीदी विकेट रसेल का रहा

अश्वनी ने कहा, '' मनीष पांडे ने मेरे खिलाफ चौका जड़ा था। हार्दिक ने मुझे बल्लेबाज की शरीर के पास गेंदबाजी करने की सलाह दी थी। मेरा पसंदीदा विकेट आंद्रे रसेल का था क्योंकि वह बहुत बड़े खिलाड़ी है। हार्दिक भाई ने मुझे बेखौफ होकर खेलने की सलाह दी थी इसलिए मैंने अपनी योजना के साथ गेंदबाजी जारी रखी।'' अश्वनी की सफलता से उनके परिवार और दोस्त भी बहुत खुश हैं।

### मेरा पूरा गांव बहुत खुश है

अश्वनी ने कहा, ''मेरा पूरा गांव बहुत खुश है क्योंकि मुंबई सबसे अच्छी टीम है और इसमें कई बड़े खिलाड़ी हैं।''अश्वनी आईपीएल में मुंबई इंडियंस द्वारा खोजी गई युवा भारतीय प्रतिभाओं की लंबी और शानदार सूची में शामिल हो गए हैं। इसमें जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नगालैंड के एक और जिले में आफ्स्पा लागू

**नई दिल्ली।** केंद्र ने नगालैंड के मेलुरी जिले में छह महीने के लिए सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (आफ्स्पा) मंगलवार को लागू कर दिया है। इससे दो दिन पहले ही, राज्य के आठ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों तक आफ्स्पा लगाया जा चुका है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा गया कि नगालैंड सरकार ने नवंबर 2024 में फेक जिले से मेलुरी जिले का निर्माण किया था, लेकिन 30 मार्च को सात अन्य जिलों के साथ इसे भी 'अशांत क्षेत्र' घोषित कर दिया।

### शाहजहां गार्डन का नाम अब अहिल्याबाई होलकर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार महापुरुषों को उचित सम्मान देने के लिए लगातार कदम उठा रही है



आगरा किला के पास स्थित शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की प्रक्रिया अब शुरू हो गई है। यह कदम ऐतिहासिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ समय से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस तरह की मांग उठाई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की तुषार की याचिका

**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार



गांधी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। गुजरात हाई कोर्ट ने सितंबर 2022 में साबरमती आश्रम के पुनर्विकास को हरी झंडी दी थी। इस परियोजना पर 1200 करोड़ खर्च होने हैं। तुषार गांधी ने अपनी याचिका में इस परियोजना को ही चुनौती दी थी।

### अमृतपाल का करीबी 'फौजी' हिरासत में

**अजनाला।** खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह के करीबी वरिंदर



सिंह उर्फ 'फौजी' को मंगलवार को एक बार फिर सख्त सुरक्षा के बीच अजनाला कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने पंजाब पुलिस की मांग पर विचार करते हुए उसे 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। डिब्रूगढ़ जेल से पंजाब लाया गया था।

---

### सपा के रास सदस्य रामजी सुमन के आवास पर हमले के मुद्दे पर विपक्ष भड़का

# शून्यकाल में सपा, तृणमूल सांसदों का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही टली

**कांग्रेस स्थगन प्रस्तावों को खारिज करने से नाराज, टीएमसी ने न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा के स्थानांतरण पर उठाए सवाल तो सपा ने पार्टी सांसद के घर पर की गई तोड़फोड़ के मुद्दे पर सदन में किया हंगामा।**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में अक्सर सरकार पर अपनी बात न रखने देने का आरोप लगाने वाले विपक्ष को मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा रोककर कार्रवाई चलाने के लिए तीन बार चेतावनी दी। लेकिन सभी बेअसर रहीं और अंत में लोकसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई को दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

दरअसल यह पूरा मामला प्रश्नकाल की समाप्ति के बाद 12 बजे लोकसभा में उस वक्त घटा। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शून्यकाल की शुरुआत से ठीक पहले जरूरी सरकारी कागजात लोकसभा के पटल पर रखवाने की प्रक्रिया शुरू की। तभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू कर दिया।

इस दौरान सपा सांसद अपने हाथ में 'सुमन की बात' लिखी हुई तख्ती लिए हुए थे। विपक्षी दलों द्वारा सदन में लगाए जा रहे नारों में झोलझाल नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, नरेंद्र मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी मुख्य थे।



#### बिरला ने की सदन चलाने की अपील

हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों से अपील की कि शून्यकाल एक महत्वपूर्ण समय होता है। कई जनप्रतिनिधि इसमें अपने क्षेत्र से जुड़े हुए मुद्दों को उठाना चाहते हैं। ऐसे में हंगामा करना ठीक नहीं है। विपक्षी सांसद अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाएं जिससे कार्रवाई चलाई जा सके। लेकिन बिरला की अपील का विपक्ष पर कोई असर नहीं हुआ और वह लगातार हंगामा करते रहे। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ने तीन बार कार्रवाई स्थगित करने से पहले चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि सदन में तख्ती लेकर नारेबाजी और हंगामा करने की अनुमति नहीं है। यह सदन नियम-प्रक्रियाओं और मर्यादा से चलेगा। बिरला ने विपक्ष से सवाल किया कि क्या वह लोकसभा की कार्रवाई नहीं चलाना चाहते हैं? विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की अपील और तमाम चेतावनियों को अनसुना कर हंगामा जारी रखा। जिसके बाद अंत में कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

■ अध्यक्ष ने सदस्यों के नारे लगाने पर नाखुशी जताई

#### इन मुद्दों पर आक्रोशित थे तीनों दल

कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अलग-अलग मामलों पर लगातार दिए जा रहे स्थगन प्रस्तावों को खारिज किए जाने का विरोध कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस सरकार के दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश शर्मा का स्थानांतरण कोलकाता उच्च न्यायालय में करने के फैसले के खिलाफ आग बबूला थी। जबकि समाजवादी पार्टी अपने राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर की गई तोड़फोड़ को लेकर सदन में सरकार के खिलाफ नाराजगी के साथ अपना विरोध जता रही थी। यहां बता दें कि रामजी लाल सुमन सपा के वही सांसद हैं, जिनकी बीते दिनों संसद के उच्च सदन में भारत के महान योद्धा राणा सांगा को गद्दार बताने वाली टिप्पणी पर बवाल हो गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका खुलकर विरोध करते हुए कहा था कि राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदूस्तान। लोकसभा की कार्रवाई स्थगित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने कोलकाता उच्च न्यायालय को कूड़ाघर बना दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश शर्मा संदिग्ध छवि वाले हैं और उनका कार्यकाल भी मात्र दो वर्ष का है। जिसके बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन कारणों की वजह से हम उनकी नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा।

#### संसद पहुंचा चिली का संसदीय प्रतिनिधिमंडल



#### लोकसभाः चिर-परिचित अंदाज में बोले-आठवले विपक्षी सांसद चंद्रशेखर की जीत की कामना की



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को लोकसभा में अपने चिर-परिचित अंदाज में पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए विपक्ष के सांसद चंद्रशेखर की आगामी लोकसभा चुनाव में जीत की कुछ इस तरह कामना की कि सदन में सदस्यों के ठहाके सुनाई दिए। उप्र के नगीना से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने प्रश्नकाल में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए शहरों में छात्रावासों की जर्जर स्थिति का जिक्र करते हुए पूरक प्रश्न पूछा था कि क्या उनके संसदीय क्षेत्र में ऐसा छात्रावास बनाने की सरकार की कोई योजना है। पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा, "यह प्रश्न नगीना क्षेत्र से संबंधित नहीं है, लेकिन उस क्षेत्र के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा तो आपके लिए एक नहीं, दो नहीं, दस छात्रावास देंगे, क्योंकि आप हमारे अच्छे मित्र हैं।"

#### सांगा विवाद के बीच बोले धनखड़

### हर सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्णः सभापति

**नई दिल्ली (भाषा)।** सपा सदस्य रामजी लाल सुमन को मिली धमकियों का मुद्दा मंगलवार को राज्यसभा में उठा और सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हर सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। समाजवादी पार्टी के सदस्य रामगोपाल यादव ने राणा सांगा के बारे में सदन में की गई टिप्पणी को लेकर रामजी लाल सुमन को मिली धमकियों के बाद उनकी सुरक्षा पर चिंता जताई थी। सभापति धनखड़ ने यादव से आग्रह किया कि वह सुमन पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए मामले को शांत कराएं और उन टिप्पणियों को नहीं दोहराएं जिन्हें संसद के रिकॉर्ड से पहले ही हटा दिया गया है।



■ सुमन ने पिछले दिनों उच्च सदन में राणा सांगा पर कुछ टिप्पणियां की थीं

■ सभापति ने उनकी उस टिप्पणी को कार्यवाही से हटा दिया था

### ...तो ऐसे होने वाला हवाई यातायात है सस्ता

■ चर्चा के दौरान विभिन्न दलों के 16 सांसदों ने कई सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिए

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राज्यसभा में 'द प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट्स इन एयरक्राफ्ट ऑब्जेक्ट्स बिल 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस विधेयक के महत्व और इसके व्यापक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस विधेयक को भारत के विमानन क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त केप टाउन कन्वेंशन और इसके प्रोटोकॉल को लागू करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। इस कन्वेंशन का उद्देश्य विमानन उपकरणों की खरीद, पट्टे (लीजिंग) और वित्तपोषण को सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है। मंत्री ने बताया कि इस विधेयक के लागू होने से विमानन कंपनियों को विमानों और उनके उपकरणों की लीजिंग में आसानी होगी। उन्होंने कहा, वर्तमान में, भारत में लीजिंग की लागत अधिक है। विधेयक के कानून का शक्ल अख्तियार करने के बाद, लीजिंग लागत में 8 से 10 प्रतिशत की कमी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लाभ अंततः आम यात्रियों तक पहुंचेगा, जिससे हवाई यात्रा अधिक सुलभ और किफायती बनेगी। चर्चा के दौरान विभिन्न दलों के 16 सांसदों ने कई सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिए।

---

## नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 रह गई : शाह

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



■ नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है जो नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण अपनाकर और सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करके 'सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत' का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र छह करके नई उपलब्धि हासिल की है।' गृह मंत्रालय के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिले वे हैं जहां नक्सली गतिविधियां एवं हिंसा अब भी जारी है। एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों को 'सबसे अधिक प्रभावित जिले' के रूप में उप-वर्गीकृत किया गया है। यह 2015 में लाई गई शब्दावली है। इसके अलावा एक उप वर्ग 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न' (ऐसे जिले हैं जहां चिंता) है।

#### देश में नक्सलवाद से प्रभावित कुल 38 जिले

पिछली समीक्षा के अनुसार 'सर्वाधिक प्रभावित जिले' 12 थे। देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 38 है। इनमें से 'सबसे अधिक प्रभावित जिलों' की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है। 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न' की संख्या नौ थी जो घटकर छह रह गई है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या 17 थी और यह भी घटकर छह रह गई है। 'सर्वाधिक प्रभावित' जिलों में छत्तीसगढ़ के चार (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का एक(पश्चिमी सिंहभूम) व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली शामिल है। इसी प्रकार, कुल 38 प्रभावित जिलों में से 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न' की संख्या नौ से घटकर छह रह गई है। ये छह जिले हैं- आंध्र प्रदेश (अल्लूरी सीताराम राजू), मप्र (बालाघाट), ओडिशा (कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी) और तेलंगाना (भद्राद्रि-कोठागुडेम)।

---

#### मथुरा-काशी पर संघ का बड़ा बयान

## कार्यकर्ता चाहें तो करें आंदोलन 'संगठन' उन्हें नहीं रोकेगा

### आरएसएस सरकार्यवाह होसबाले ने कहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि मथुरा और काशी को लेकर संघ की कोई



योजना नहीं है, लेकिन अगर कार्यकर्ता चाहें तो वे आंदोलन कर सकते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को संगठन नहीं रोकेगा। होसबाले ने स्पष्ट किया है कि अगर संगठन के सदस्य मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद से संबंधित प्रयासों में भाग लेते हैं तो संगठन को कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने सभी मस्जिदों को निशाना बनाकर प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी और सामाजिक कलह से बचने की आवश्यकता पर बल दिया। जब उनसे पूछा गया कि संघ के काम से प्रेरित होकर बहुत से लोग मस्जिदों और खंडहरों के नीचे मंदिर खोज रहे हैं और इन मामलों को उसी तरह सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं जिस तरह राम जन्मभूमि मामले को सुलझाया गया था तो यह बात कही।

#### इसके अलावा कई समस्याएं मौजूद

होसबाले ने कहा कि अगर हम बाकी सभी मस्जिदों और संरचनाओं के बारे में बात करते हैं, तो क्या हमें 30,000 मस्जिदों को खोदना शुरू कर देना चाहिए और इतिहास को पलटने का प्रयास करना चाहिए? क्या इससे समाज में और अधिक शत्रुता और आक्रोश पैदा नहीं होगा? क्या हमें एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए या अतीत में ही अटके रहना चाहिए? हम इतिहास में कितनी दूर चले गए हैं? अगर हम ऐसा करते रहेंगे, तो हम अन्य अहम सामाजिक परिवर्तनों पर कब ध्यान केंद्रित करेंगे? आज समाज के सामने धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद जैसी कई अन्य समस्याएं हैं। संघ ने कभी नहीं कहा कि इन मुद्दों को नजरअंदाज किया जाए।

---

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 54 दिनांक 28.03.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम - सुनीता कुमारी
पिता/पति- पुत्री रामप्रवेश
पता - निवासी 143/ml माडल टाऊन रोहतक
उम्र- 20 वर्ष
कद- 4 फुट 10 ईंच।
हुलिया. - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा।
पहनावा - पीले रंग का सूट, लाल रंग की सलवार व पैरों में सैंडिल पहने हुए।

दिनांक 28.03.25 को सुनीता कुमारी पुत्री रामप्रवेश निवासी 143/ml माडल टाऊन रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 9468270645

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 123 दिनांक 28.03.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - दिपांशी
पिता/पति पत्नी सचिन
पता - निवासी 9-B ईस्माईला सांपला जिला रोहतक
उम्र- 19 वर्ष
कद- 5 फुट।
हुलिया. - रंग सांवला, पतला जिस्म, आंखों पर चश्मा लगाए हुए।
पहनावा - सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 28.03.25 को दिपांशी पत्नी सचिन निवासी 9-B ईस्माईला सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।


1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8168327038

पीआरडीएच-1084/11/3232/2026/33493/88/6 दि. 01.04.2025

---

## अहमदाबाद में 8 को सीडब्ल्यूसी और 9 को एआईसीसी की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



■ गुजरात के पटेल भवन से निकलेगा कांग्रेस के जीत के मंत्र

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक अहमदाबाद के सरदार पटेल भवन में 8 अप्रैल को प्रस्तावित है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सांगठनिक स्तर पर आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक समिति ठोस निर्णयों पर मुहर लगाती दिखेगी।

जिसमें जिला अध्यक्षों को ताकत देकर देश भर की सूबाई सियासत में कार्यकर्ताओं में जोश भरने का मंत्र बैठक से निकलेगा। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद अगले ही दिन 9 अप्रैल को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का सत्र भी आयोजित होगा। गुजरात एक ऐसा राज्य है जहां वर्ष 1998 से आज तक कांग्रेस की सरकार नहीं बन पाई। मोदी के गढ में दो दिवसीय बडे सियासी जलसे का आयोजन कर कांग्रेस देशभर में खासकर साथी दलों के बीच एक मजबूत मैसेज देना चाहती है कि भाजपा को केवल कांग्रेस ही पटखनी दे सकती है।

---

#### आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ का समापन

### डिजिटल भुगतान में देश को अग्रणी बनाने में आरबीआई अहमः राष्ट्रपति

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाने में अहम योगदान दिया है, जिससे लेन-देन सुरक्षित और आसान हुआ है। उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के प्रभाव को उजागर करते हुए कहा कि इसने वित्तीय सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में क्रांति ला दी है, जिससे तुरंत और कम लागत में डिजिटल भुगतान संभव हुआ। इससे वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा मिला। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बातें मुंबई में आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के दौरान कहीं।

■ मुंबई में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

---

**केंद्रीय मंत्री शिवराज ने स्वीकृत की 602 किमी लंबाई की 115 सड़कें**

### मार्च में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 1300 करोड़ रु. से ज्यादा की मंजूरी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत देशभर में केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काम में गति लाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए अकेले महीने भर (मार्च 2025) में ही 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा की मंजूरी प्रदान की है। इस राशि से 602 किमी लंबाई में 115 सड़कें बनेंगी, वहीं, 186 पुलों के निर्माण को भी चौहान ने स्वीकृति दी है। पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत मार्च 2025 के दौरान, 1,301.02 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के मूल्य पर 115 सड़कें (602.88 कि.मी.) और 186 पुल स्वीकृत किए गए हैं। इस अवधि में 3,410 कि.मी. लंबाई की 343 सड़कों व 154 पुलों का निर्माण योजना अंतर्गत राज्यों द्वारा पूरा किया गया।

---

उप्र के सीएम ने संभावित प्रधानमंत्री के रूप में बढ़ते समर्थन पर दी प्रतिक्रिया


बोले-उनका काम सिर्फ उप्र के लोगों की सेवा करना जिसे पार्टी ने सौंपा है

## राजनीति मेरे लिए कोई 'फुल टाइम जॉब' नहीं, मैं असल में योगी हूंः आदित्यनाथ

भाषा ▶▶ लखनऊ

खरी खरी बोलने वाले और हमेशा अपने विचारों को लेकर मुखर उत्तर प्रदेश के संन्यासी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुसलमानों के लिए एक स्पष्ट संदेश दिया हैः आपको राज्य के विकास में उचित हिस्सा मिलेगा, लेकिन सिर्फ इसलिए विशेष रियायतों की उम्मीद न करें कि आप अल्पसंख्यक हैं।

इसका मतलब साफ है कि आप सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ सकते, या कोई अवैध गतिविधि नहीं कर सकते। अगर आप ऐसा करते हैं, तो 'बुलडोजर न्याय' का सामना करने के लिए तैयार रहें। उत्तर प्रदेश के



■ वक्फ (संशोधन) विधेयक के आलोचकों पर भी निशाना साधा

मुख्यमंत्री ने विशेष साक्षात्कार के दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक के आलोचकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड स्वार्थी हितों के साथ-साथ 'लूट खसोट' के अड्डा बन गए हैं और इन्होंने मुसलमानों के कल्याण के लिए बहुत कम काम किया है। साक्षात्कार में उन्होंने देश में अपनी बढ़ती लोकप्रियता, संघ (जिसके वह कभी सदस्य नहीं रहे) के साथ संबंधों, कुछ केंद्रीय नेताओं के साथ उनकी कथित अनबन, पीएम बनने की उनकी महत्वाकांक्षा, राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी और कांग्रेस पार्टी के भविष्य के बारे में भी बात की। आदित्यनाथ ने संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रति बढ़ते समर्थन पर कहा कि राजनीति मेरे लिए एक 'फुल टाइम जॉब' नहीं है। इस समय मैं यहां काम कर रहा हूं लेकिन वास्तविकता में मैं हूं तो एक योगी ही।" यह पूछे जाने पर कि उनकी राजनीति में कब तक बने रहने की योजना है, मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी भी एक समयसीमा होगी। उनका प्राथमिक काम उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करना है जो उनकी पार्टी ने उन्हें सौंपा है।

#### भेदभाव को नकारा

उन्होंने मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आलोचनाओं को खारिज किया। सूबे की आबादी में मुसलमानों की संख्या 20 फीसदी है लेकिन कल्याणकारी योजनाओं में उनकी 35 से 40 फीसदी हिस्सेदारी प्रतिशत है। आदित्यनाथ ने कहा कि वह न तो भेदभाव में विश्वास करते हैं।

---

## कार्यालय जिला प्रबंधक हैफेड, फतेहाबाद

### वर्ष 2025-26 के लिए प्राइवेट गोदाम मै0 प्रियंका एवं मधु के लिए लेबर कार्य हेतु निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के रबी व खरीफ सीजन के लिए जिला फतेहाबाद की विभिन्न मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टाक आर्टिकल्ज के प्राइवेट गोदाम मै0 प्रियंका एवं मधु के लिए लेबर कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से टैण्डर आमंत्रित किए गए हैं। टैण्डर पॉलिसी 2025-26 की अनुपालना में जिला फतेहाबाद के प्राइवेट गोदाम मै0 प्रियंका एवं मधु के लिए लेबर निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय जिला टैण्डर कमेटी द्वारा लिया गया है। नियम व शर्तें पूर्व में निर्धारित ही लागू रहेंगे। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकाश से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमंत्रित हैं।

| S. No. | Work | Relasing/Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Technical Bid & Checking of Document | Opening of Financal Bid & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोदाम मै0 प्रियंका एवं मधु | 01.04.2025 from 3:00 p.m. | 03.04.2025 at 10:00 p.m. | 03.04.2025 at 11:00 p.m. | As per decision of D.L.T.C. | कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक फतेहाबाद |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, फतेहाबाद/जिला प्रबंधक, हैफेड व जिला प्रबंधक, वेयर हाऊस फतेहाबाद के कार्यालय में प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में तथा Website : https:tenders.hry.nic.in से ली जा सकती है।
2. जिला निविदा समिति बिना किसी को कारण बताए किसी भी/सभी निविदाओं को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है।
3. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. सभी टैण्डरदाता अपने-अपने दस्तावेजों को जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनका क्रमांक वाइज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नंबर लगाएंगे तथा इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाए कि किसी पेज नंबर पर कौन-से दस्तावेज लगाए गए हैं।

-जिला प्रबंधक, हैफेड फतेहाबाद

ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत सतत सहायता कर रहा

# भारतीय नौसेना के आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार पहुंचे, घड़ियाल भी 442 टन वस्तुओं के साथ मदद देने रवाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। भारत भी 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत म्यांमार को सहायता प्रदान कर रहा है।

भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत, आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री, 50 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह सोमवार देर रात पहुंचे। म्यांमार में भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने मंगलवार की सुबह सामग्री को म्यांमार के अधिकारियों को सौंप दिया है।

म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया

### खास बातें

- भारतीय वायुसेना का सी-130जे विमान 16 टन राहत सामग्री लेकर रवाना
- पहले हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान पहुंचाया



### भूकंप पीड़ितों को पहुंचाई जा रही सामग्री

29 मार्च को ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आईएनएस सतपुड़ा और सावित्री से म्यांमार राहत सामग्री भेजी गई थी। जो कि अब म्यांमार पहुंच चुका है। इस सामग्री से भूकंप पीड़ितों की सहायता की जाएगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया है कि भारतीय नौसेना के दो जहाज सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर मंगलवार को बताया कि विशाखापट्टनम से आईएनएस घड़ियाल 442 टन राहत सामग्री को लेकर म्यांमार रवाना हो गया है।



### सक्रिय हुई नौसेना और वायुसेना

भूकंप पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना और वायुसेना सक्रिय हैं। म्यांमार में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि यांगून, नेपीडॉ और मांडले तक बड़े पैमाने पर राहत सहायता पहुंचाई गई। इसके लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और भारतीय वायुसेना के छह विमानों का इस्तेमाल किया गया।



### इसरो की सैटेलाइट तस्वीरों से दिखी तबाही




इसरो ने एक बयान में कहा है कि मेंडले और सेगेंग शहर में बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। मेंडले में प्रमुख स्थल जैसे स्काइ विला, फेयानी पेगोडा, महामुनि पेगोडा और आनंद पेगोडा, मेंडले यूनिवर्सिटी और कई अन्य स्थानों को थोड़े से ज्यादा नुकसान हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनसुंधान संगठन (इसरो) ने कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इन तस्वीरों में म्यांमार में आए भूकंप से हुई तबाही साफ देखी जा सकती है।

### अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

*म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं। 4,521 अन्य घायल हुए हैं और 441 लापता हैं। भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। इसलिए संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है। राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी के कारण शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई है।*

### भारत की फर्स्ट रिस्पॉन्डर भूमिका

भारत ने 29 मार्च को म्यांमार में भूकंप पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा की शुरुआत की थी। जिसके बाद भारतीय वायुसेना और नौसेना लगाता राहत सामग्री म्यांमार पहुंचा रही है। भारतीय नौसेना ने अब तक 15 टन राहत सामग्री म्यांमार पहुंचाई है। जिसमें हाइजीन किट, जनरेटर, दवाइयां, टेंट, खाने का सामान कंबल, स्लीपिंग बैग और जरूरी चीजें शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पिता की जन्मभूमि पर जरूर जाऊंगी: सुनीता

**न्यूयॉर्क।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने



कहा भारत अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है। सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुनीता ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगी कि हम जब भी हिमालय के ऊपर से गुजरे तो बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बेहद अद्भुत है। मुझे आशा और यकीन है कि मैं अपने पिता के देश (भारत) जाऊंगी और लोगों से मिलूंगी।

### चीन और हांगकांग के 6 अधिकारी प्रतिबंधित

**हांगकांग।** अमेरिका ने चीन और हांगकांग के उन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर आरोप है कि वे 'अंतरराष्ट्रीय दमन' समेत ऐसे अन्य कृत्यों में शामिल थे जिससे हांगकांग की स्वायत्तता को और नुकसान पहुंचने का खतरा था। इस पर पलटवार करते हुए हांगकांग की सरकार ने मंगलवार को प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। जिन छह अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें न्याय सचिव पॉल लैम, सुरक्षा कार्यालय निदेशक डोंग जिंगवेई और पुलिस आयुक्त रेमन शामिल हैं।

5 दिवसीय दौरे पर आए चिली के राष्ट्रपति बोरिक फॉन्ट ने की पीएम मोदी से मुलाकात

# व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत करेंगे भारत और चिली, दोनों देशों में बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। अपने इस दौरे में वे भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संभावनाओं को तलाशेंगे, जिनमें व्यापार और रक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर बात हुई। भारत और चिली ने तय किया है कि दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

### दोनों देश यूएन में सुधार के पक्षधर

*पीएम ने कहा कि संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी हम सहयोग बढ़ाएंगे। वैश्विक मोर्च पर भारत और चिली का मानना है कि संघर्षों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के भी पक्ष में हैं। भारत और चिली के बीच भले ही बहुत दूरी है, लेकिन दोनों देश प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं।*



### पीएम मोदी से अशोक चक्र के बारे में पूछा

*चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी से भारतीय ध्वज में चक्र के बारे में पूछा। हैदराबाद हाउस में चर्चा कक्ष में जाते समय फॉन्ट भारतीय ध्वज के पास खड़े थे और पीएम मोदी उन्हें अशोक चक्र का अर्थ समझाते हुए नजर आए।*


### मोदी की थाईलैंड यात्रा से रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय थाईलैंड यात्रा गुरुवार से शुरू हो रही है। इस यात्रा से दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। जहां एक ओर भारत का तेजी से बढ़ता बाजार थाईलैंड के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, वहीं भारतीय कंपनियों का भी थाईलैंड में निवेश बढ़ रहा है।

### 'दीर्घकालिक' द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारे दीर्घकालिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं।





### चिली में योग दिवस का ऐलान हमारे लिए प्रेरणा की बात

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है और उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। बातचीत में हमने खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बात की। चिली में स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है।

## भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश भेजे



- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बोले, भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' का रूप ले लेना चाहिए

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भारत और चीन ने मंगलवार को अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर एक-दूसरे को बधाई संदेश भेजे। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच भी बधाई संदेशों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। चीन के राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में भारत की राष्ट्रपति को कहा कि दोनों देशों के संबंधों को 'ड्रैगन-हाथी टैंगो' (दोनों प्रतीकात्मक जानवरों का मिश्रित डांस) का रूप ले लेना चाहिए। उन्होंने भारत और चीन के साथ मिलकर काम करने पर भी जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 1 अप्रैल को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में दोनों देशों के बीच बधाई संदेशों से जुड़े एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। ज्ञात हो कि भारत और चीन वर्तमान में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार साल से अधिक समय तक चले विवाद के समाधान के बाद सेनाओं की अप्रैल 2020 की पुरानी स्थिति में तैनाती के जमीनी क्रियान्वयन में जुटे हुए हैं।

### भारत के साथ काम करने को तैयार चीन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा, दोनों देश प्राचीन सभ्यताएं होने के साथ ही ग्लोबल साउथ में शामिल महत्वपूर्ण विकासशील देश हैं और वर्तमान में आधुनिकीकरण के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में द्विपक्षीय संबंधों के मद्देनजर एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनना और ड्रैगन और हाथी का मिश्रित डांस (टैंगो) दोनों के लिए वाजिब विकल्प है। उन्होंने पिछले साल 2024 में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच रूस में आयोजित किए गए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई द्विपक्षीय बैठक को संबंधों को आगे बढ़ाने में दिशा प्रदान करने वाली बताया।

शीर्ष कोर्ट से इलाहाबादिया और चंचलानी को लगा झटका

# जांच पूरी होने तक पासपोर्ट जब्त, नहीं जा सकेंगे विदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने अपने शो में शालीनता बनाए रखने की बात कही। रणवीर ने अपना पासपोर्ट जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई इंटरव्यू के सिलसिले में उन्हें विदेश जाना पड़ता है और कई मीटिंग करनी पड़ती है। रणवीर ने तर्क दिया कि इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। हालांकि, कोर्ट ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अगर वे विदेश जाते हैं तो इससे जांच प्रभावित होगी। इलाहाबादिया के अलावा आशीष चंचलानी ने भी अपना पासपोर्ट वापस पाने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई, लेकिन शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका को भी खारिज कर दिया।

### अदालत से शालीनता बनाए रखने की बात कही





#### 2 सप्ताह तक पूरी होगी जांच

पीठ ने कहा कि अगर इलाहाबादिया विदेश जाते हैं तो इससे जांच प्रभावित होगी। साथ ही महाराष्ट्र और असम सरकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जांच पूरी करने की समय-सीमा के बारे में भी पूछा। तुषार मेहता ने जांच दो सप्ताह में पूरी होने की संभावना जताई। पीठ ने कहा कि वह दो सप्ताह बाद पासपोर्ट जारी करने के इलाहाबादिया के अनुरोध पर विचार करेगी।


#### गद्दार विवाद के बीच कामरा का सरकार पर निशाना

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध जताने वाले कलाकारों को चुप कराने का अभियान चलाया जा रहा है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मजाक को लेकर कामरा फिर से विवादों में हैं। उन्होंने एक्स पर 'लोकतांत्रिक तरीके से एक कलाकार की कैसे हत्या की जाए' टाइटल से पोस्ट किया।



ओडिशा में मिला सोने का बड़ा भंडार

# पहली बार होगी नीलामी, मजबूत होगी अर्थव्यवस्थ्या, नौकरी मिलेगी



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा जल्द ही भारत के सोने के खनन उद्योग में एक बड़ा नाम बन सकता है। राज्य के कई जिलों में सोने के भंडार पाए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र तेजी से खनन के लिए तैयार हो रहा है। ओडिशा के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोने की खोज से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मंत्री जेना ने बताया कि देवगढ़, क्योंझर, मयूरभंज सुंदरगढ़, नबरंगपुर, अंगुल और कोरापुट जिलों में सोने के बड़े भंडार पाए गए हैं। इसके अलावा, मलकानगिरी, संबलपुर और बौध जिलों में भी सोने की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इन खोजों से ओडिशा को भारत के सबसे समृद्ध खनिज क्षेत्रों में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। ओडिशा सरकार ने देवगढ़ जिले में अपने पहले सोने के खनन ब्लॉक की नीलामी की योजना बनाई है, जिससे राज्य के खनन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

ट्रंप की धमकियों के बीच सरकार ने किया टैरिफ का बचाव

# मंत्री बोले- हम घरेलू उद्योगों की रक्षा चाहते, अपना रहे संतुलित दृष्टिकोण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की टैरिफ नीति का मकसद व्यापार को विनियमित करना, घरेलू उद्योगों की रक्षा करना और आयातित व निर्यातित वस्तुओं पर कर लगाकर राजस्व पैदा करना है। केंद्रीय केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि विनिर्माताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए, घरेलू उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन स्थापित करते हुए टैरिफ उपायों पर निर्णय लेते समय एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाता है। सरकार ने शुल्क ढांचे को सुधारने के लिए व्यापक टैरिफ सुधार शुरू किए हैं।



### कई एफटीए समझौतों की ओर बढ़ रहे

*मंत्री प्रसाद ने कहा कि हालिया सुधारों में टैरिफ संरचना को सुव्यवस्थित करने और व्यापार को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है और किसी भी वस्तु लाइन पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*

### कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही

*वर्तमान में भारत 13 एफटीए और 9 पीटीए का सदस्य है, इसके अलावा यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ओमान, न्यूजीलैंड और पेरू के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। टैरिफ कम करने से, विशेष रूप से इनपुट और मध्यम मूल्य वर्ग के वस्तुओं पर मदद मिलती है।*

यूएनएसडब्ल्यू के वैज्ञानिकों के नए शोध में बड़ा खुलासा

# वैश्विक तापमान 4 डिग्री बढ़ने से दुनिया की जीडीपी में 40% गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि अगर वैश्विक तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है, तो वर्ष 2100 तक दुनिया की जीडीपी में 40% तक की भारी गिरावट आ सकती है। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध में पहले के अनुमानों की तुलना में 11% अधिक नुकसान का आकलन किया गया है। अध्ययन में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित न करने से वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था अस्थिर हो सकती है। वैज्ञानिकों ने तापमान वृद्धि को 1.7 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की जरूरत पर जोर दिया है, जो पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप है और आर्थिक क्षति को कम कर सकता है।

### वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.7 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना होगा



### जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझने के लिए और शोध जरूरी

#### ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा

स्टडी में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को पूरी तरह समझने के लिए अभी और शोध की आवश्यकता है। इसमें जलवायु अनुकूलन, जैसे कि बड़े पैमाने पर मानव प्रवास को शामिल नहीं किया गया है, जो एक जटिल प्रक्रिया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को तेजी से कम करे तो इस संकट को टाला जा सकता है।

### बढ़ता तापमान आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करेगा

मुख्य वैज्ञानिक डॉ. टिमोथी नील के मुताबिक पारंपरिक आर्थिक मॉडल जलवायु परिवर्तन के वास्तविक प्रभावों को पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करेगा, जिससे विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होंगी। पहले यह माना जाता था कि रूस और कनाडा जैसे ठंडे देशों को जलवायु परिवर्तन से लाभ हो सकता है, लेकिन वैश्विक व्यापार और आपूर्ति निर्भरता के कारण कोई भी देश इस प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

# अमेरिका आज से लगाएगा 'जैसे को तैसा टैक्स'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज बुधवार को दुनियाभर में जैसे को तैसा टैक्स (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की घोषणा करेंगे। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा- ट्रम्प बुधवार को शाम 4 बजे ईस्टर्न टाइम (ईटी) पर रोज गार्डन में 'मेक अमेरिका वेल्दी अगेन इवेंट में भाषण देंगे। इसी इवेंट में रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर घोषणा होगी। व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा- घोषणा होने के तुरंत बाद ही टैरिफ लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने कई मौकों पर 2 अप्रैल को अमेरिका का मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे बताया है। वे इस दिन भारत समेत कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहे हैं। दरअसल, टैरिफ एक तरह का बॉर्डर फीस या टैक्स होता है, जो कोई भी देश विदेशों से अपने यहां आने वाले सामान पर लगाता है। यह टैक्स आयात करने वाली कंपनी पर लगाया जाता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25